(ख) जैसा कि कौंसिल ने प्राधिकृत किया था, समिति ने कर के टालमटोल पर अनुसन्धान प्रोजेक्ट सम्बन्धी विस्तृत प्रस्ताव योजना आयोग को प्रस्तुत किये, परन्तु योजना आयोग ने अभी हाल ही में इंस्टीट्यूट को लिखा है कि प्रोजेक्ट के लिये वित्त य सहायता देना उसके लिये सम्भव नहीं है। फिर भी, इस विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुये यह प्रस्तावित किया गया है कि आयकर एक्ट, 1961 की धारा 35(2ए) के अधीन इस अनुसन्धान प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिये सरकार से सम्पर्क किया जाए, ताकि इंस्टीट्यूट के लिये यह सम्भव हो सके कि वह स्वयं इस कार्य को करने के लिए वित्तीय सहायता जुटा सके।

(ग) इंस्टीट्यूट का एक शिष्ट-मंडल संसद् की सलेक्ट कमेटी से मिला और सलेक्ट कमेटी को दिल्ली सेल्स टैक्स बिल, 1973 में निहित प्रस्तावित व्यवस्थाओं के बारे में मौखिक प्रमाण प्रस्तुत किये।

(घ) वित्त मंत्री को प्रस्तुत प्री-बजट और पोस्ट-बजट ज्ञापन के अतिरिक्त, समिति ने निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किये और उनके परिणाम प्रत्येक के आगे दिये हुये हैं : —

(1) वास्तविक लागत के आधार पर देसी कारों के मूल्य ह्रास, भत्ता प्राप्ति इस बात को ध्यान में रखते हुये कर-दाता ने क्या मूल्य अदा किया है पर प्रतिवेदन दिया और उसे स्वीकार कर लिया गया है और वित्त एक्ट, 1975 में आवश्यक संशोधन कर दिये गये हैं।

(2) आयकर के रिटर्न प्रस्तुत करने में देरी के मामलों में ब्याज को छोड़ देने के लिये प्रतिवेदन, यदि देरी अपरिहार्य अथवा जानबूझकर नहीं की गई है—विचाराधीन है।

(3) अनुलाभ के मूल्यांकन के लिये वर्तमान नियमों में संशोधन करने के लिये प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(4) विदेशी निवेषों के लिये सरकार द्वारा जारी किये गये नये मार्ग-निर्देशन आदेशों को क्रियान्वित करने से कर दाताओं के समक्ष आने वाली वास्तविक कठिनाइयों को दूर करने के लिये प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(5) होल्डिंग कम्पनियों द्वारा अपनी पूर्ण स्वामित्व सहायक कम्पनियों को हस्तांतरित परिसम्पत्तियों और इसकी ओर से भी इसी प्रकार, में आने वाली वास्तविक कठिनाइयों को दूर करने के लिये प्रति वेदन—विचाराधीन है।

(6) अचल सम्पत्तियों के मूल्यांकन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन—विचाराधीन है।

(7) कम्पनियों के अकथ्य-शेयरों के मूल्यांकन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन-विचाराधीन है।

(8) अनिवार्य जमा मूल्य के सम्बन्ध में सम्पत्ति कर में छूट प्राप्त करने के लिये प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में असमर्थता प्रकट की है।

(9) ग्रेच्युटी के लिये व्यापार अथवा व्यवसाय के लाभ और फायदे की गणना करने के सम्बन्ध में उपबन्धों को निकालने के बारे में प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता प्रकाट की है

(10) विदेशी नागरिकों के लिए एडीशनल एमोलूमेंट्स (कम्पलसरी डिपोजिट) स्कीम, 1974 को लागू करने से छूट प्राप्त करने के लिये प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता प्रकट की है ।

(11) आयकर एक्ट के भाग 80 एच एच और 80 जे (6ए) के अधीन आडिट रिपोर्ट के फार्मो के बारे में प्रतिवेदन—हमारे द्वारा सुझाये गये आडिट रिपोर्ट के फार्म और भाग 80 एच एच के आधीन बोर्ड द्वारा निर्धारित फार्म समान है ।

(12) चैक द्वारा करों के भुगतान के बारे में प्रतिवेदन—सिद्धांतरूप में स्वीकार ।

(13) एडीशनल एमोलूमेंट्स (कम्पलसरी डिपोजिट) स्कीम, 1974 के अधीन आडिट के बारे में प्रतिवेदन—बोर्ड ने हमारे सुझाव को स्वीकार करने में असमर्थता प्रकट की है ।

14. **कम्पनी कानून समिति :**

समिति ने अनेक मामलों पर विचार किया और उनमें से कुछ महत्वपूर्ण निम्नांकित हैं :—

(क) रिजर्व बैंक आफ इंडिया एक्ट के भाग 45 एम ए के उपबन्धों, कम्पनी आडीटरों की अतिरिक्त ड्यूटी निक्षेपण करना, के बारे में सरकार को प्रतिवेदन ।

(ख) कम्पनी लेखों में कराधान के लिये गैर-व्यवस्थाओं का विवरण जारी करना ।

(ग) रिजर्व बैंक आफ इंडिया एक्ट के भाग 45 एम ए के अधीन आडीटरों की ड्यूटीज पर मार्ग-दर्शन नोट के एक्सपोजर ड्राफ्ट को अन्तिम रूप देना ।

कम्पनीज (संशोधन) एक्ट, 1974 के लागू करने के बाद अपने किस्म की पहली एक सेमिनार "रीसेन्ट ट्रेन्ड्स इन कम्पनी लैजिसलेशन" विषय पर नई दिल्ली में 23 और 24 अगस्त, 1975 को आयोजित की गई ।

15. **पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति**

(क) वर्ष के दौरान हुई मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी कोर्स परीक्षोंओं के सम्बन्ध में विवरण परिशिष्ट 9 में दिया गया है ।

(ख) गहन अध्ययन के लिये मूल पाठ्य पुस्तकों की सूची और मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के प्रश्न-पत्र (1) और (2) के लिये संदर्भ पुस्तकों को संशोधित किया गया ।

(ग) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के लिये विभिन्न केन्द्रों पर कार्य कर रहे सलाहकार ग्रुपों को सहायता प्रदान करने के लिये मार्ग-दर्शन नियमों को अन्तिम रूप दिया गया ताकि वे और सक्रियता से कार्य कर सकें ।

(थ) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के पार्ट 2 कर रहे श्रेष्टतम विद्यार्थी को "7वीं कांफ्रेन्स आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट स्कालरशिप" पुरस्कार प्रदान करने की एक स्कीम को अन्तिम रूप दिया गया ।

(ङ) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम पार्ट 1 परीक्षा (दोनों ग्रुपों) में एक बार में ही उत्तीर्ण करने वाले और ग्रुप 1 में सबसे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को "तुलसीराम दैवीदयाल मैमोरियल पुरस्कार" प्रारम्भ करने का निर्णय किया गया है ।

(च) मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के लिये पुस्तकें क्रय करने हेतु 11 अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन योजना के अधीन रु० 500 की योग्यता छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई ।

(छ) वर्ष के दौरान 10 अभ्यर्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये अपने नाम पंजीकृत कराये ।

(ज) "मैनेजमेंट क्वार्टरली" और "इकोनोमिक क्वार्टरली" के प्रकाशित प्रथम संस्करणों में चालू आर्टिकल्स का सार दिया गया है ताकि जो अभ्यर्थी मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी परीक्षा के ग्रुप 2 के प्रश्नपत्र (1) और (2) की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें लाभ हो सके । इन दोनों त्रैमासिकों का वार्षिक चंदा रु० 150 है । जो अभ्यर्थी मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम कर रहे हैं, उनके लिये वार्षिक चन्दा रु० 120 है ।

16. मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी में पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रम –पद संज्ञा शब्दों का प्रयोग

जिन सदस्यों ने मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, वह वर्तमान में अपने नाम के आगे "डी एम ए" शब्दों के प्रयोग के अधिकारी हैं । कौंसिल के सामने एक ऐसा मामला लाया गया है कि एक विश्वविद्यालय समान पद संज्ञा शब्दों के प्रयोग का अधिकार प्रदान करता है । अतः दो इंस्टीट्यूटों द्वारा एक से शब्दों के प्रयोग की भ्रांति के दूर करने के लिये यह निर्णय किया गया है कि पद संज्ञा शब्दों को बदल कर "डी एम ए (आई सी ए)" कर दिया जाये । चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट रेगुलेशन्स को इस प्रकार से परिवर्तित करने के लिये संशोधित किया जा रहा है ।

17. अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम

पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति ने अपने अविच्छिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नांकित पाठ्यक्रम/सेमिनारों का आयोजन किया :—

(1) प्रोजेक्ट मैनेजमेंट—बंगलौर में 12, 13 और 14 अप्रैल, 1974 को ।

(2) कार्पोरेट टैक्स प्लानिंग—हैदराबाद में 19, 20 और 21 अप्रैल, 1974 को ।

(3) क्वान्टिफिकेशन एण्ड दि एकाउन्टेन्ट—बम्बई में 17, 18 और 19 मई, 1974 को ।

(4) आडिटिंग में स्टेटिसटिकल सैम्पलिंग—दिल्ली में 7, 8 और 9 जून, 1974 को ।

(5) एकाउंटिंग और आडिटिंग में कम्पूटर—मद्रास में 16, 17 और 18 अगस्त, 1974 को ।

(6) कोर्पोरिट टैक्स प्लानिंग—बम्बई में 21, 22 और 23 अगस्त, 1974 को

(7) मैनेजमेंट कन्ट्रोल सिस्टम और आर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर—कलकत्ता मे 19, 20 और 21 सितम्बर, 1974 को ।

(8) नये प्रोजेक्टों के लिए टैक्स प्लानिंग—कानपुर मे 1, 2 और 3 नवम्बर, 1974 को ।

(9) फाइनेंशल मैनेजमेन्ट पर रेजिडैन्शियल कोर्स—बंगलौर में 23, 24, 25, 26 और 27 दिसम्बर, 1974 को ।

(10) एकाउन्टैन्ट के लिए कम्प्यूटर की जानकारी—नई दिल्ली में 14, 15, 16, 17 फरवरी, 1975 को ।

(11) टैक्स प्लानिग तथा फाइनेंशियल मैनेजमेट—जयपुर में 19, 20 और 21 अप्रैल, 1975 को ।

उपर्युक्त के अलावा समिति ने एक सेमिनार "पब्लिक सैक्टर में एकाउन्टैबिलिटी" पर नई दिल्ली में 30, 31 मार्च और 1 अप्रैल, 1975 को ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजज के सहयोग से आयोजित की ।

18. विशेषज्ञ सलाहकार समिति

विशेषज्ञ सलाहकार समिति ने उसे प्राप्त 9 प्रश्नों पर अपनी राय प्रकट की ।

19. रोजगार समिती ।

31 मार्च, 1975 को रोजगार रजिस्टर में सदस्यों की संख्या 184 थी, जब कि 31 मार्च, 1974 को 148 थी ।

चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स के लिए रिक्तियां सम्बन्धी प्रमुख समाचार पत्रों की क्लिपिंग रोजगार रजिस्टर मे लिखे हुए सदस्यों को भेजने की सेवा के लाभ को सुनिश्चित करने के लिए एक सर्कुलर सभी अभ्यर्थियों को भेजा गया । जो उत्तर प्राप्त हुए हैं, उनसे प्रतीत होता है कि इस सेवा को सदस्यों ने अत्याधिक पसंद किया है और इंस्टीट्यूट को इस सेवा को जारी रखना चाहिए । अतः सदस्यों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए इस सेवा को जारी रखा जा रहा है ।

मई, 1974 में सम्पन्न हुआ अंतिम परीक्षा में जो अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए और जो सार्वजनि क्षेत्रसंस्थानों में कार्य करना चाहते हैं, उनकी एक सूची कौंसल के सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी गई है कि वे इन युवा अभ्यर्थियों की सहायता करें और प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों को, जिनको चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की आवश्यकता है, उनके नामों की सिफारिश करें इसी प्रकार की प्रक्रिया नवम्बर 1974 में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के लिए भी अपनाई गई थी ।

सरकारी संस्थानों मे नियुक्त चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों द्वारा प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट धारण करने के बारे में एक प्रतिवेदन ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजेज को इस अनुरोध के साथ भेजा गया कि वह सभी बातों को ध्यान में रखकर चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट कर्मचारियों के प्रैक्टिस करने की सर्टिफिकेट को रखने की अनुमति प्रदान करने के समुचित अनुरोध को स्वीकार करे ।

एक प्रतिवेदन ब्यूरो आफ पब्लिक एण्टरप्राइजेज को भी भेजा गया था जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों के लेखे और विस प्रभागों में सर्वोच्च स्थानों की पूर्ति

व्यावसायिक लोगों से की जाये। ब्यूरो से अनुरोध किया गया है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों से व्यक्तिगत और सम्बन्धित मंत्रालयों द्वारा सम्पर्क करें ताकि इस तत्व-ज्ञान को व्यावहारिक शकल प्रदान की जा सके।

"उज्जवल भविष्य की ओर" विषय पर जो वर्कशाप सेमिनार होनी थी, उसे स्थगित करना आवश्यक हो गया क्योंकि जो तिथियां पहले निश्चित की गई थीं वह कामनवैल्थ कांफ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स जो नई दिल्ली में फरवरी, 1975 में सम्पन्न हुई, की तिथियों से समीप थीं। अब इसका आयोजन अक्टूबर, 1975 में किसी समय करने का प्रस्ताव है।

20. विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

प्रमुख शिक्षाविदों और कौंसिल सदस्यों की एक वर्कशाप 15 सितम्बर, 1974 को आयोजित की गई थी, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र के महत्व के मामलों और सदस्य दोनों के लिए, साथ ही पोस्ट-क्वालिफिकेशन शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र के मामलों पर विचार-विमर्श हुआ।

गुजरात विश्वविद्यालय को एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है कि वह अनुसंधान द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री विद्यार्थियों को मार्ग-प्रशस्त करने के उद्देश्य हेतु इंस्टीट्यूट को मान्यता प्रदान करें।

21. इंस्टीट्यूट के न्यूजलैटर तथा जरनल

एक न्यूजलैटर जुलाई, 1975 से आरम्भ किया गया है जो इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को निःशुल्क भेजा जायेगा। न्यूजलैटर में अन्य बातों के साथ-साथ इंस्टीट्यूट की कुछ अधिसूचनाएं होंगी जो सांविधिक दायित्वों, न्यूज तथा नोट्स, सांख्यकीय, सदस्यता आदि को पूरा करेगा।

इसी के साथ जुलाई, 1975 से जरनल का मूल्य सभी के लिए देय होगा, जिसमें सदस्य भी सम्मिलित हैं। जरनल की सामग्री को सुधारने के लिए सभी पग उठाये जा रहे हैं।

VII अन्य मामले

1. प्रधान मंत्री के साथ मीटिंग

अध्यक्ष, जिनके साथ उपाध्यक्ष और सचिव भी थे प्रधान मंत्री से 24 जुलाई, 1975 को मिले। वित्त मंत्री तथा कानून, न्याय और कम्पनी मामलों के मंत्री भी मीटिंग में उपस्थित थे। जिन बातों पर विचार हुआ उनमें इंस्टीट्यूट का यह प्रस्ताव भी था कि सभी कम्पनियों के लिए यह अनिवार्य हो कि उनके लेखा विभाग का इंचार्ज चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स हो, जिससे अधिक वित्तीय अनुशासन और अच्छा वित्तीय मैनेजमेन्ट स्थापित हो सके। अध्यक्ष ने यह भी दलील दी कि कर के टालमटौल के अध्ययन, जिसे सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट को सौंपा गया था और वित्तीय कठिनाइयों के कारण वापस ले लिया गया था, पर पुनर्विचार हो। उन्होंने टैक्सेशन लॉज (संशोधित) बिल, 1973 को कानूनी रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि काले धन की बुराई को रोकने के लिए यह एक विकासशील और स्वस्थ माप-दंड है।

2. अपनी अन्य संस्थाओं के साथ सहयोग

कौंसिल का विचार है कि आपसी रुचि के अनेक क्षेत्र हैं जहां वह इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया तथा इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इंडिया के साथ सहयोग कर सकती है और जहां तक सम्भव हो ऐसे क्षेत्रों में उनके कार्यकलापों में समन्वय स्थापित किया

जाये । अपनी इंस्टीट्यूटों द्वारा भी इसे मान्यता दी गई है और इस सम्बन्ध में कार्य करने की संभावनाओं हेतु दोनों ही अपने इंस्टीट्यूटों के दो कार्यकारी ग्रुप बना दिये गये हैं—एक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए और दूसरा अनुसंधान, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अनुशासन के लिए । वार्तालाप में प्रगति हो रही है और यह आशा की जाती है कि इसके जो लाभकारी परिणाम होंगे उससे इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को बहुत लाभ पहुंचेगा ।

3. **चुनाव-पक्ष-प्रचार पर रोक**

चुनावों में उच्च नैतिक मानकों और अच्छा अनुशासन बनाये रखने के लिए कौंसिल ने निर्णय किया है कि पक्ष-प्रचार पर पुनः रोक लगा दी जाये, इसमें यह अनुबंध हो कि प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता को एक परिपत्र भेजने की अनुमति दे दी जाये जिसमें वह अपने उम्मेदवारों की घोषणा और उनके मत देने का अनुरोध और अपने बारे में कुछ निर्दिष्ट विवरण दे सके ।

कौंसिल ने यह भी निर्णय किया है कि इंस्टीट्यूट के सदस्यों के विचार आमंत्रित किये जायें । इस सम्बन्ध में सदस्यों को एक परिपत्र भेजा जायेगा ।

4. **लाइब्रेरी**

वर्ष के दौरान नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय लाइब्रेरी में 672 पुस्तकें और बढ़ाई गईं, जिससे पुस्तकों की संख्या 12075 हो गई । सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के प्रयोग में वृद्धि हुई है ।

5. **अन्य संस्थाओं में इंस्टीट्यूट के नामजद व्यक्ति**

इंस्टीट्यूट का अनेक बाह्य संस्थाओं में उसके सदस्यों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है, जिनकी सूची परिशिष्ट 10 के रूप में संलग्न है ।

6. **चार्टर्ड काउन्टैन्ट्स हितकारी कोष**

वर्ष के दौरान सदस्यों की संख्या 193 से बढ़कर 198 हो गई और वित्तीय राहत के रूप में रु० 11750 की राशि का वितरण किया गया । वर्ष के अंत में कोष के क्रेडिट में रु० 63,651 की राशि शेष थी, जब कि पिछले वर्ष के अंत में यह राशि रु० 67,206 थी ।

7. **एस० वैद्यनाथ अय्यर स्मारक कोष**

कोष के सदस्यों की संख्या वर्ष के दौरान 38 से बढ़कर 44 हो गई । वर्ष के अंत में कोष के क्रेडिट में रु० 25,323 का बैलेन्स था, जब कि पिछले वर्ष के अंत में रु० 24,552 था । रु० 3,850 की राशि छात्रवृत्ति के रूप में विद्यार्थियों को दी गई ।

VIII रजत जयन्ती समारोह

इंस्टीट्यूट की स्थापना 1 जुलाई, 19 9 को हुई थी और इस प्रकार उसने 30 जून, 1974 को अपने अस्तित्व के 25 वर्ष पूरे कर लिये । 1 जुलाई, 1974 से आरम्भ होकर एक वर्ष की अवधि इंस्टीट्यूट की रजत जयन्ती वर्ष के रूप में मनाई गई ।

विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें कांफ्रेंसें, सेमिनारें, लैक्चर मीटिगें, वर्कशाप्स आदि सम्मिलित है। एक विशेष समिति—रजत जयन्ती समारोह समिति बनाई गई जिसके चेयरमैन श्री एम० के० गुप्ता थे। केन्द्र और विभिन्न क्षेत्रों में अ क उप-समितियां भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बनाई गई।

रजत जयन्ती वर्ष—30 जून, 1974 को आरम्भ के अवसर पर एक लघु लेख जिसका शीर्षक "राष्ट्र की सेवा में" पच्चीस वर्ष था, देश के प्रमुख समाचार पत्रो में प्रकाशित किया गया। इसमें समाज और राष्ट्र की सेवा चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स की भूमिका और महत्व तथा आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। रजत जयन्ती समारोह के अवसर पर 1 जुलाई को समस्त देश में फैलोशिप मीटिगें आयोजित की गई। 10 जुलाई को इस्टीट्यूट के अध्यक्ष ने आकाशवाणी पर "आडिटर्स की सामाजिक जिम्मेदारियां" विषय पर परिचर्चा की, जुलाई 1974 के जरनल "दि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स" का संस्करण रजत यन्ती अंक के रूप मे प्रकाशित किया गया इसमें इस्टीट्यूट और उसकी समितियों के कार्य कलापो पर अनेक लेख प्रकाशित किये गये। एक रजत जयन्ती स्मारक सील भी जारी की गई।

रजत जयन्ती कार्यक्रमो के मुख्य घटना कामन वैल्थ कान्फ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स थी जो अपने आप एक नयी घटना थी। इसका आयोजन नई दिल्ली के अशोका होटल के झिलमिलाते कन्वोकेशन हाल में 5 फरवरी और 8 फरवरी 1975 के बीच किया गया। कान्फ्रेंस का उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्री फखरुद्दीन अली अहमद ने किया। अन्य वक्ताओ में केन्द्रीय वित्त मंत्री माननीय श्री सी० सुब्रह्मनियम, उद्योग एवं नागरिक सम्पूर्ति मंत्री माननीय श्री टी० ए० पई एवं भारत के एटार्नी जनरल श्री नीरेन डे सम्मिलित थे। इस कान्फ्रेंस में कामनवैल्थ के अधिकाश महत्वपूर्ण एकाउन्टेंसी संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों से लगभग 1250 चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ने इसमें भाग लिया, साथ आई तीन सौ महिलाओं ने सामाजिक उत्सवों में भाग लिया।

कामनवैल्थ कान्फ्रेंस आफ एकाउन्टैन्ट्स के उद्देश्य "आर्थिक विकास में एकाउन्टैन्ट्स की भूमिका" एवं इस उद्देश्य से संबद्ध महत्वपूर्ण विभिन्न विषयों पर, माप, संचार, पर्यावरण, प्रबन्ध एवं संरचना पर आयोजित पांच टैक्नीकल सत्रों में विचार किया गया। 5 फरवरी 1975 को चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए ग्रुप विचार विमर्श किए गए थे जिनमें कान्फ्रेंस के लिए वितरित पत्रों पर विस्तार से विचार किया गया। कान्फ्रेंस के दिनों में संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों के मनोरंजनार्थ सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, राष्ट्रपति द्वारा विदेशी आगतुकों और कौंसिल के सदस्यों को चाय पर आमंत्रित किया गया। समापन दिवस के दिन एक विदाई कोकटेल पार्टी होटल ओबेराय इन्टरकान्टीनैन्टल में आयोजित की गई।

यद्यपि भाग लेने वाले तकनीकी सैशनों में व्यस्त थे, साथ आई महिलाओं को नगर के एतिहासिक महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कराया गया। सभी महिला प्रतिनिधियों का जिनके साथ प्रतिनिधियों की पत्नियां भी थीं प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा अपने निवास स्थान पर स्वागत किया गया।

कौंसिल को इस बात को रिकार्ड करते हुए प्रसन्नता है कि कान्फ्रेंस अत्यधिक सफल रही और सभी प्रतिनिधियों द्वारा विशेष कर विदेशी अतिथियों द्वारा उसकी सराहना की गई। प्रतिनिधियो

के प्रमुखों की एक बैठक में इस बात की चर्चा की गई कि इसी प्रकार की कांफ्रेंस भविष्य में कामनवैल्थ देशों में की जायें और इस सुझाव का स्वागत किया गया। आगामी कान्फ्रेंस यूनाइटेड किंगडम में सन् 1980 में होने की सम्भावना है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी मद्रास में अगस्त, 1974 में एकत्रित हुए। कार्य क्रम केवल कान्फ्रेंस तक ही समिति न रहा बल्कि विद्यार्थियों के बीच खेल कूद प्रतियोगिता भी हुई।

वर्कशाप कार्यक्रम में, प्रथम वर्कशाप अकादमियों और इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों की बीच नई दिल्ली में सितम्बर, 1974 में आयोजित की गई जिसमें निम्नांकित दो विषयों पर विचार विमर्श हुआ :—

(1) शिक्षा एवं प्रशिक्षण—एकीकरण की एक आवश्यकता, और

(2) अनुसंधान में इंस्टीट्यूट और विश्व विद्यालयों के बीच समन्वय।

यह वर्कशाप कौंसिल की विश्व विद्यालय सम्पर्क समिति के तत्वाधान में आयोजित की गई। बातचीत के दौरान जो सुझाव सामने आए उन पर विचार किया जा रहा है। सामाजिक लागत लाभ विश्लेषण पर एक वर्कशाप व्यावसायिक विचार समिति द्वारा तीन सैशनों में आयोजित की गई—एक बम्बई में जून, 1975 में और दो नई दिल्ली में जुलाई और सितम्बर में आयोजित की गईं। इस वर्कशाप के निष्कर्णों से व्यवसाय में सामाजिक लागत और लाभ के संबंध में कठिनाइयों को दूर करने में सहायता मिलेगी, जिसमें व्यवसाय के लिए यह सम्भव हो सकेगा कि वह एक संस्थान से प्राप्त होने वाली निवल आय को सोसाइटी को प्रस्तुत कर सके।

एक वर्कशाप "वित्तीय विवरण के प्रयोक्ता" विषय पर शीघ्र ही व्यावसायिक विचार समिति द्वारा आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न रूचियों के प्रतिनिधियों, जो वित्तीय विवरणों का अध्ययन और प्रयोग करते हैं अर्थात् औद्योगिक और वाणिज्यिक व्यवसाय, बैंक, शेयर होल्डर्स, ट्रेड यूनियन, वाणिज्य के चैम्बर्स, सरकार के संबंधित विभाग आदि, भाग लेंगे।

क्षेत्रीय कौंसिलें भी स्थानीय आधार पर विविध कार्यक्रम, जिनमें लैक्चर्स, क्षेत्रीय कान्फ्रेंस सामाजिक मिलन गोष्ठी आदि सम्मिलित हैं, करने में समान रूप में सक्रिय रहीं।

IX. क्षेत्रीय कौंसिलें और उनकी शाखाएं

1. क्षेत्रीय कौंसिलें :

क्षेत्रीय कौंसिलें पांच क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात् पश्चिम (बम्बई) दक्षिण (मद्रास) पूर्व (कलकत्ता) केन्द्रीय (कानपुर) उत्तर (दिल्ली) में कार्य करती रहीं। क्षेत्रीय कौंसिलें सक्रिय रहीं और उन्होंने अनेक कान्फ्रेंसें, सेमिनार, लैक्चर्स, स्टडी सर्कल मीटिंग आदि आयोजित कीं।

2. क्षेत्रीय कौंसिलों की शाखाएं

पश्चिम भारत क्षेत्रीय कौंसिल की वर्तमान छह शाखाएं अर्थात्—अहमदाबाद, बड़ोदा, गोआ, पूना, नागपुर और सूरत में, दक्षिण भारत क्षेत्रीय कौंसिल की ग्यारह शाखाएं अर्थात्—बंगलौर बेलगांव, कोयम्बटूर, एर्णाकुलम, हैदराबाद, मदुरई, मंगलौर, सालेम, तिरूचिरापल्ली, त्रिवेन्द्रम और विजयवाडा तथा सेन्ट्रल भारत क्षेत्रीय कौंसिल की तीन शाखाएं–इन्दौर, जयपुर और जमशेदपुर और

उत्तर भारत क्षेत्रीय कौंसिल की एक शाखा चंडीगढ़ में कार्य करती रहीं । तीन नई शाखाएं—एक पूर्वी भारत क्षेत्रीय कौंसिल की आसनसौल में, एक दक्षिणी भारत क्षेत्रीय कौंसिल की लुधियाना में और एक सैन्ट्रल भारत क्षेत्रीय कौंसिल की गाजियाबाद में खोली गई ।

कौंसिल ने यह निर्णय किया है कि भविष्य में खुलने वाली शाखाओं की संख्या पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाए और उनके अधिकाराधीन क्षेत्र को कम करके उनके कार्य कलापों का नियमित किया जाये । इस उद्देश्य को सम्मुख रखते हुए क्षेत्रीय कौंसिल की एक शाखा का क्षेत्र 50 मील से घटाकर 40 किलोमीटर किया जा रहा है और इस सम्बन्ध में रैगुलेशन्स में संशोधन किया जा रहा है । इस संशोधन का परिणाम इसके लागू होने के बाद यह होगा कि एक नगर में क्षेत्रीय कौंसिल की शाखा स्थापित करने की सम्भावना तभी होगी जब कि उस नगर में 30 सदस्यों से कम सदस्य न रहते हों अथवा नगर सीमा से चालीस किलोमीटर की दूरी हो । फिर भी, किसी शाखा के अधिकाराधीन क्षेत्र से बाहर रहने वाले सदस्यों को शाखा की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दे दी जाएगी । इस सम्बन्ध में एक घोषणा जनवरी, 1975 के जरनल में की जा चुकी है ।

X अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

1. एकाउन्टेंसी व्यवसाय के लिए अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयन समिति

इंस्टीट्यूट ने उपर्युक्त संस्था के साथ अपनी सदस्यता जारी रखी । श्री एस० के० गुप्ता कमेटी ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया । कमेटी को आमन्त्रित किया गया है कि वह फ़रवरी 1977 में अपनी बैठक नई दिल्ली में करे और इसे स्वीकार कर लिया गया है ।

2. अन्तर्राष्ट्रीय लेखा मानक समिति

इंस्टीट्यूट उपर्युक्त संस्था का एसोसिएट सदस्य बना रहा ।

प्रथम स्टैण्डर्ड का लेखा नीतियों का निश्चित मसविदा, जो समिति द्वारा 1 दिसम्बर को जारी किया गया था, शीघ्र ही मार्ग निर्देश टिप्पणी सहित सदस्यों को जारी कर दिया जाएगा ।

एक्सपोजर ड्राफ्ट सं० 2 "वैल्यूएशन एण्ड प्रेजैण्टेशन आफ़ इन्वेन्टरीज इन दि कन्ट्रक्ट आफ़ दि हिस्टौरिकल सिस्टम" पर इंस्टीट्यूट ने विस्तृत विचार प्रस्तुत किए हैं ।

3. एकाउण्टैण्टस की ग्यारहवीं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस

एकाउण्टैंट्स की ग्यारहवीं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस के संबंध में जो मूनीच (पश्चिम जर्मनी) में अक्तूबर 1977 में होगी, इंस्टीट्यूट को अध्ययन ग्रुप सैशन के लिए एक राष्ट्रीय रिपोर्ट हेतु लेखक नामांकन और प्लैनरी सैशनों में से एक के लिए जनरल रिपोर्ट पर कमेण्ट्री हेतु आमन्त्रित किया गया । कौंसिल इन निमंत्रणों को भारत में एकाउण्टेंसी व्यवसाय के संबंध में एक महान् सम्मान समझती है । कौंसिल ने यह निर्णय किया है कि प्रथम कार्यभार अपनी सहायक संस्था 'दि इंस्टीट्यूट आफ़ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैण्ट्स आफ़ इंडिया' को और दूसरे कार्यभार के लिए इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष श्री एन० सी० कृष्णन, लेखक के रूप में चुने गए ।

कौंसिल ने कांग्रेस को एक डेलीगेशन भेजने का भी निर्णय किया है । इस उद्देश्य के लिए यथा-समय न्यूज़ लेटर के माध्यम से एक घोषणा कर दी जाएगी ।

4. ऐशियाई और प्रशांत महासागर के एकाउन्टैन्टस की आठवीं कांफ्रेंस

इंस्टीट्यूट को सितम्बर 1976 में हांगकांग में होने वाली ऐशियाई एवं प्रशांत महासागर के एकाउन्टैन्ट्स की आठवीं कान्फ्रेंस में भाग लेने हेतु एक आमंत्रण प्राप्त हुआ है। कौंसिल ने यह आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इस संबंध में यथा समय न्यूज लैटर के माध्यम से एक घोषणा कर दी जाएगी।

इंस्टीट्यूट को चीफ़ डेलीगेट्स मीटिंग में विचार विमर्श के लिए 'भविष्य के लिए प्रशिक्षण एकाउण्टैन्ट्स' पर एक पत्र तैयार करने के लिए भी आमंत्रित किया गया है जो कांफ्रेंस की भूमिका प्रस्तुत करेगा।

XI आभार

कौंसिल सरकार द्वारा दिए गए निरन्तर सहयोग एवं सहायता के लिए आभार प्रकट करती है।

इसके साथ-साथ कौंसिल इंस्टीट्यूट के सदस्यों, जिन्होंने इसकी विभिन्न कमेटियों को संयोजित किया, के मूल्यवान सहयोग एवं इंस्ट ट्यूट के अन्य सदस्यों, जिन्होंने इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित विभिन्न कांफ्रेंसों, सेमिनारों आदि में भाग लिया, का भी धन्यवाद करना चाहती है।

कौंसिल रिपोर्ट के अन्तर्गत वर्ष के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों के लिए भी आभार प्रकट करती है।

श्री सी० बालकृष्णन्, जिन्होंने 10 वर्ष से भी अधिक की अवधि तक सचिव के रूप में इंस्टीट्यूट की सराहनीय सेवा की, ने जून, 1974 में त्यागपत्र दे दिया। श्री बालकृष्णन ने इंस्टीट्यूट की सराहनीय सेवा की और इंस्टीट्यूट के कार्यकलापों में चर्तुमुखी वृद्धि एवं नवीन मार्ग प्रशस्त किये और अन्तर्राष्ट्रीय लेखे में भाईचारा पैदा करने में एक कड़ी का कार्य किया और इन्स्ट ट्यूट को मान्यता दिलायी। 1 जुलाई, 1974 से 16 फ़रवरी 1975 तक श्री टी० एस० ग्रेवाल, संयुक्त डीन ने कार्यकारी सचिव का कार्य किया। 17 फ़रवरी 1975 से श्री पी० एस० गोपालकृष्णन् ने इंस्टीट्यूट के सचिव के पद का कार्य भार सम्हाल लिया है।

(ह०) पी० एस० गोपालकृष्णन, सचिव। (ह०) पी० एम० नारियल वाला, उपाध्यक्ष। (ह०) एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष।

नयी दिल्ली;

तिथ्यांकित : 16 सितम्बर, 1975।

परिशिष्ट 1

संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 1–J

कौंसिल के सदस्य

कृष्णन, एन० सी०

अध्यक्ष

नारियलवाला, पी० एम०

उपाध्यक्ष

अगाडि, एस० जी०	बम्बई
*बालकृष्णन, सी०	नई दिल्ली
भंडारी, बी० सी०	जयपुर
भट्टाचार्य, सुकुमार	कलकत्ता
चक्रवर्ती, ए० के०	कलकत्ता
चौधरी, ए०	नई दिल्ली
डमानिया, एच० एम०	बम्बई
गणपति, सी० सी०	नई दिल्ली
गुप्ता, एस० के०	कलकत्ता
जगदीशन, बी०	मद्रास
काबरा, बी० एल०	बम्बई
खन्ना, आर० के०	नई दिल्ली
महेश्वरी बी० आर०	दिल्ली
मलेगम, वाई० एच०	बम्बई
मलिक, पी० के०	कलकत्ता
मेहता, बी० एस०	बम्बई
नरसिंहमूर्ति, ए० आर०	बंगलौर
निगम, आर० एस०	नई दिल्ली
पारिख, अनिल एम०	बम्बई
राजारमन, बी०	नई दिल्ली
रामानुजम, जी०	मद्रास
रंगा, आर० पी०	नई दिल्ली
शाह, पी० एन०	बम्बई
सेठ, आर० के०	कानपुर
वासा, एच० बी०	अहमदाबाद
वेनुगोपाल, पी०	हैदराबाद
विजयराघवन, पी० बी०	मद्रास

*दिनांक 17 सितम्बर, 1974 से 16 सितम्बर, 1975 तक श्री प्रवीण चन्द्र बी० गांधी (बम्बई) के स्थान पर नामजद

परिशिष्ट 2

विभिन्न समितियों के सदस्य

(क) स्थायी समिति

(1) एक्जीक्यूटिव कमेटी

श्री एन० सी० कृष्णन—अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला—उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री वी० जगदीशन
श्री बी० आर० महेश्वरी
श्री वाई० एच० मालेगम

(2) परीक्षा समिति

श्री एन० सी० कृष्णन्—अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला—उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री ए० के० चक्रवर्ती
श्री पी० एन० शाह
श्री पी० वेणुगोपाल

(3) अनुशासनात्मक समिति

श्री एन० सी० कृष्णन्—अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला—उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री ए० चौधरी
श्री पी० के० मलिक
श्री बी० एस० मेहता

(ख) स्टैंडिंग कमेटियां

(1) अनुसंधान समिति

श्री वाई० एच० मालेगम—चेयरमैन
श्री पी० एन० शाह—वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्—अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला —उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री सुकुमार भट्टाचार्य
श्री वी० जगदीशन
डा० आर० एस० निगम
श्री पी० बी० विजयराघवन
श्री सी० बालकृष्णन्
श्री बी० एम० मिर्जा
श्री एम० सुन्दररामन } सहयोजित सदस्य
श्री सी० एस० सेमुअल

(2) **पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति**

श्री एच० एम० दमानिया, चेयरमैन
श्री वी० राजारमन, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री एस० के० गुप्ता
श्री अनिल एम० पारिख
श्री पी० वी० विजयाराघवन
श्री सी० बालकृष्णन्
श्री ए० वी० रबाडी
श्री एम० वी० घटालिया
} सहयोजित सदस्य

(3) **व्यावसायिक विकास समिति**

श्री अनिल एम० पारिख, चेयरमैन
श्री ए० आर० नरसिंहमूर्ति, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री सी० सी० गणपति
श्री आर० पी० रंगा
श्री आर० के० सेठ
श्री पी० वेणुगोपाल
श्री ए० वेणुगोपाल
श्री बी० एन० पारदीवाला
} सहयोजित सदस्य

(4) **टैक्सेशन समिति**

श्री बी० एल० काबरा, चेयरमैन
श्री सुकुमार भट्टाचार्य, वाइस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री एस० जी० आरमाडे
श्री बी० सी० भंडारी
श्री सी० सी० गणपति
श्री आर० के० सेठ
श्री ए० वी० टंडन
श्री एम० एम० जैन
} सहयोजित सदस्य

(5) **कोचिंग बोर्ड**

श्री पी० वी० विजयराघवन, चेयरमैन
श्री एच० वी० वासा, वाइस चेयरमैन

श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एस० नारियलवाला, उपाध्यक्ष, (पदेन)
श्री बी० सी० भंडारी
श्री एच० एम० दमानिया
डा० आर० एस० निगम
श्री वी० वी० हरिभक्ति
श्री आई० वी० सिन्हा } सहयोजित सदस्य
श्री एम० ए० मुरलीप्रसाद

(6) **रोजगार समिति**

श्री वी० राजारमन, चेयरमैन
श्री ए० के० चक्रवर्ती, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० सी० भंडारी
श्री वी० एन० काबरा
श्री जी० रामानुजम्
श्री एच० वी० वासा } सहयोजित सदस्य
श्री एच० आर० गुप्ता

(7) **विशेषज्ञ सलाहकार समिति**

श्री आर० के० खन्ना, चेयरमैन
श्री वी० राजारामन, वाइस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री वी० एस० मेहता } सहयोजित सदस्य
श्री रघुनाथ राय

(8) **कम्पनी कानून समिति**

श्री एस० के० गुप्ता, चेयरमैन
श्री ए० चौधरी, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री एच० एम० दामनिया
श्री वी० एस० मेहता
श्री वाई० सी० अमीन } सहयोजित सदस्य
श्री एस० एन० देसाई
श्री के० गणेसन्

(9) **विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति**

श्री एस० जी० आर्गेडे, चेयरमैन
श्री बी० आर० महेश्वरी, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री ए० आर० नरसिंह मूर्ति
श्री अनिल एम० पारिख
श्री पी० वेनुगोपाल

(10) **सामान्य प्रयोजन समिति**

श्री एन० सी० कृष्णन, चेयरमैन
श्री पी० एम० नारियलवाला, वाईस चेयरमैन
श्री बी० जगदीशन
श्री बी० आर० महेश्वरी
श्री वाई० एच० मलेगम

(11) **रजत जयन्ती समारोह समिति**

श्री एस० के० गुप्ता, चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन, वाईस चयरमैन
श्री बी० जगदीशन
श्री आर० के० खन्ना
श्री वाई० एच० मलेगम
श्री पी० के० मलिक
श्री बन्सी एस० मेहता
श्री पी० एम० नारियलवाला
श्री अनिल एम० पारिख
श्री बी० राजारामन
श्री आर० के० सेठ
श्री सी० बालकृष्णन

(12) **विकेन्द्रीकरण एवं शाखाओं के लिए तदर्थ समिति**

श्री अनिल एम० पारिख, चेयरमैन
श्री पी० बी० विजयराघवन, वाईस चेयरमैन
श्री एन० सी० कृष्णन्, अध्यक्ष (पदेन)
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री बी० सी० भंडारी
श्री ए० के० चक्रवर्ती
श्री बी० आर० महेश्वरी

(13) सम्पादकीय मंडल

श्री एन० सी० कृष्णन, अध्यक्ष, प्रधान सम्पादक
श्री पी० एम० नारियलवाला, उपाध्यक्ष (पदेन)
श्री बी० जगदीशन
श्री ए० आर० नरसिंह मूर्ति
श्री पी० वेनुगोपाल
श्री पी० बी० विजयराघवन

परिशिष्ट 3

(संदर्भ . रिपोर्ट का भाग 3–1)

31 मार्च, 1974 और 31 मार्च, 1975 को सदस्यों की संख्या

	एसोसियेटस		फैलो		कुल	
	31-3-74	31-3-75	31-3-74	31-3-75	31-3-74	31-3-75
प्रैक्टिस का प्रमाण पत्र धारक सदस्य	5530	5963	4105	4481	9635	10,444
अन्य	4360	4568	316	360	4676	4,928
योग	9890	10,531	4421	4841	14,311	15,372

परिशिष्ट 4

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 3–5)

सदस्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही

1. कृषि कार्यकलापों के लिए आडिट क्लर्क की सेवाएं लेना

अपने नियोक्ता के विरुद्ध एक आडिट क्लर्क ने शिकायत की जिसमे नियोक्ता के विरुद्ध अन्य बातों के साथ साथ उसकी आडिट सेवा की अवधि में नियोक्ता की सेवाओ को आडिट क्लर्क के कृषि कार्यकलापों के विस्तार के लिए प्रयोग करने के दुराचार का दोषी बताया गया, अनुशासनात्मक समिति रिकार्ड किये गये प्रमाणों से यद्यपि संतुष्ट थी कि आडिट क्लर्क को अपने नियोक्ता के कृषि के कार्य-कलापों में कार्यालय के समय में भाग लेना होता था, परन्तु अत्यन्त खेद के साथ इस निर्णय पर पहुंची कि कृषि कार्य के लिए आडिट क्लर्क की सेवाए, कभी कभी नही बल्कि आडिट क्लर्क के रूप में सेवा की अवधि के दौरान लम्बे समय तक, लेना सदस्य को व्यावसायिक अथवा अन्य दुराचार का दोषी नहीं ठहराता। कौसिल ने सदस्य को व्यावसायिक अथवा अन्य दुराचार का दोषी न पाने के कारण शिकायत को बर्खास्त कर दिया ।

आर्टिकिल्ड क्लर्क द्वारा कौंसिल के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय को की गई अपील में, न्यायालय ने यह माना कि सदस्य के द्वारा आर्टिकिल्ड क्लर्क प्रशिक्षण देने के बजाय ताकि वह आडीटर बन सकता, अपने वृत्ति-कार्य में लगाना स्पष्टतः "अन्य दुराचार", माना जायेगा, परन्तु इस कार्यवाही में हुए लम्बे समय को ध्यान में रखते हुए उसे रिप्रीमान्ड किया गया ।

2. कम्पनी कानून, 1956 के उपबन्धों का पालन न करने पर उन्हें बनाने में असफल रहना

एक सदस्य को चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस एक्ट, 1949 की द्वितीय अनुसूची के पार्ट, 1 धारा (5) (6), (7) और (9) के अधीन व्यावसायिक दुराचार का दोषी पाया, क्योंकि वह यह बताने में असफल रहा कि (1) जिस कम्पनी का वह आडीटर था एक सहायक कम्पनी थी, और उसने कम्पनी कानून, 1956 की छटी अनुसूची का उल्लंघन किया (2) बोनस शेयर को नहीं बताया (3) कम्पनी भाग 43 ए कम्पनी थी (4) मैनेजिंग एजेन्टों को ऋण सम्बन्धी भाग 369 के उपबन्धों का उल्लंघन (7) (5) भाग 370 (3) के अधीन रखे जाने वालों कन्ट्रक्ट रजिस्टर को नहीं बनाया और (6) मनेजिंग एजेन्टस के सहयोग से कम्पनी द्वारा कन्ट्रैक्ट की राशि, जो कि गई सेवाओं के लिए थी, लाभ हानि लेखे में नहीं दिखाई गई जैसा कि अनुसूची 6, पार्ट 1 के अधीन अपेक्षित था । कौंसिल ने उच्च न्यायालय से सिफारिश की कि प्रतिवादी का नाम कौंसिल के सदस्यता रजिस्टर से एक वर्ष के लिए हटा दिया जाये । उच्च न्यायालय ने कौंसिल के निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए नाम हटाने की अवधि को कम करके दो माह कर दिया ।

3. पिछले आडीटर को सूचित करने में असफल रहना

एक सदस्य चार्टर्ड एकाउन्टन्टस एक्ट, 1949 की प्रथम अनुसूची के पार्ट 1 की धारा (8) के अधीन व्यावसायिक दुराचार का दोषी पाया गया । इस मामले में कोई प्रमाण नहीं था कि पिछले आडीटर का कोई भी पत्र भेजा गया । कौंसिल ने प्रतिवादी को सुनने के बाद एक्ट के भाग 21(4) के अधीन उसे रिप्रीमांड कर दिया ।

4. यह जानते हुए कि जो विवरण दिये हैं वह झूठे हैं, कौंसिल को प्रस्तुत किये गये फार्म में विवरण देना ।

एक सदस्य को चार्टर्ड एकाउन्टैंस एक्ट, 1949 की प्रथम अनुसूची के पार्ट 3 की धारा (1) के अधीन व्यावसायिक दुराचार का दोषी पाया, क्योंकि उसके आर्टिकिल्ड क्लर्क ने प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र में बी० काम के अध्ययन की अनुमति मांगी थी, बी० काम पाठयक्रम के लिए उपस्थिति के घंटे सम्बन्धी सूचना का विवरण दिया था जो वह जानता था कि झूठा है । कौंसिल ने सदस्य को सुनने के बाद एक्ट के भाग 21 (4) के अधीन उसे रिप्रीमांड कर दिया ।

5. आडीटर्स की नियुक्ति के सम्बन्ध में कम्पनी एक्ट की आवश्यकताओं को मालूम करने में भी सफल रहना ।

एक सदस्य को चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस एक्ट, 1949 की प्रथम अनुसूची के पार्ट 1 की धारा (9) के अधीन व्यावसायिक दुराचार का दोषी पाया । इस मामले में कोई भी प्रमाण नहीं मिला कि सदस्य ने यह मालूम करने के लिए कोई कदम उठाया कि क्या कम्पनी ने कम्पनी कानून, 1956 के भाग 224 और 225 के उपबन्धों के अनुसार आडीटर के रूप में उसकी नियुक्ति की प्रतिक्रिया को अपनाया है । उसने यह जानने की कोई परवाह नहीं की कि जिसके लिए उसकी नियुक्ति हुई है, क्या वह स्थान रिक्त हुआ है, असाधरण सामान्य बैठक, जिसमें आवेदन पत्र दिया गया था, के लिए क्या नोटिस पिछले आडीटर को भेजा गया था, आदि । कौंसिल ने सदस्य को सुनने के बाद एक्ट के भाग 21 (4) के अधीन उसे रिप्री-मांड कर दिया ।

6. व्यावसायिक कार्य की मांग करना

एक सदस्य को चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस की प्रथम अनुसूची के पार्ट 1 की धारा (6) के अधीन व्यावसायिक दुराचार का दोषी पाया, क्योंकि उसने दूसरे व्यक्ति से, जिसे उसमें रुचि थी, एक प्रस्ताव का एक पत्र प्राप्त करने के बाद, जिस पर दूसरे व्यक्ति के हस्ताक्षर थे जो स्वयं सदस्य ने काफी समय बाद कराये थे, एक पत्र के माध्यम से व्यावसायिक कार्य की मांग की थी। सदस्य के सभी लिखित प्रतिवेदनों पर विचार करने के बाद कौंसिल ने एक्ट के भाग 21 (4) के अधीन सदस्य को रिप्रीमांड कर दिया।

परिशिष्ट 5

(संदर्भ रिपोर्ट का भाग 3–7)

सदस्यों के नाम जिनका वर्ष 1974–75 में निधन हुआ

क्रमांक	सदस्य संख्या	नाम
1.	25	एस० के० मित्तर
2.	32	एम० डी० दरबारी
3.	46	पी० एम० हेज
4.	60	ए० के० पारिख
5.	154	जे० टी० देसाई
6.	168	वाई० रामास्वामी
7.	189	ए० एल० सहगल
8.	200	एच० एफ० कैप्टिन
9.	227	एस० नागाराज
10.	277	ए० के० मुखर्जी
11.	320	पी० पार्थसारथी
12.	388	एच० एम० कान्ट्रैक्टर
13.	455	डी० बी० चटर्जी
14.	528	डी० एन० वेंकटारमन
15.	802	एम० एस० मूर्ति
16.	966	पी० वेंकटाराव
17.	1593	वी० आर० गांधी
18.	1719	बी० बी० भट्ट
19.	1737	एस० के० राय चौधरी
20.	1872	सी० बी० शाह
21.	1943	ए० वर्दाचारी

क्रमांक		नाम
22.	1985	जी० बी० एल० एस० वर्मा
23.	2668	एल० सी० टोडरवाल
24.	2974	एस० घोष
25.	3323	एस० एस० शास्त्री
26.	3554	बी० एन० वकील
27.	4017	एच० वेन्कटेश्वरन्
28.	4622	एम० गोपालाकृष्णन्
29.	6309	पी० विष्णु मेनन्
30.	8133	एस० बी० देव राय
31.	11984	पी० सी० मोदी
32.	14514	आर० डी० वन्दरवाला

परिशिष्ट 6

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 4—8)

वर्ष 1974–75 के दौरान नाम दर्ज किए गए छात्रों की संख्या

	इंटरमीडिएट			फाइनल ग्रुप					
		अनिवार्य	विकल्प		ग्रुप I		ग्रुप II		विकल्प
छात्रों की संख्या जो कि 1 अप्रैल 1974 को रोल पर थे।	(10550)	13,199	(कोई नहीं)	कोई नहीं	(2797)	3236	(2679)	3062	(7) कोई नहीं
1974–75 के दौरान नाम दर्ज हुए	(6071)	3,464	(कोई नहीं)	कोई नहीं	(1972)	3243	(1972)	3243	कोई नहीं
		16,663				6479		6305	
छात्रों की संख्या जिन्होंने ट्यूशन पूर्ण की, जिस में इंटरमीडियेट पाठ्यक्रम के 3 छात्र भी शामिल हैं, जिन्होंने वर्ष के दौरान ट्यूशन छोड़ दी।	(3422)	4,323			(1533)	1730	(1589)	1775	
		12,340				4749		4530	

कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं।

परिशिष्ट 7

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 5–1)

परीक्षाओं के विवरण

	बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत
प्रवेश परीक्षा			
मई 1974	0868	69	7–9%
नवम्बर 1974	2623	358	13.65%
इंटरमीडिएट परीक्षा			
मई 1974	5963	1618	27.13%
नवम्बर 1974	5928	1631	27.51%

फाइनल परीक्षा

	दोनों ग्रुपों में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या	दोनों ग्रुपों में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत	केवल ग्रुपों I में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत	केवल ग्रुप II में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत	केवल ग्रुप I में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत	केवल ग्रुप II में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या	उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या	प्रतिशत
मई 1974 . .	1087	156	14.3%	162	14.9%	167	15.4%	1987	328	16.5%	1027	263	25%
नवम्बर 1974 .	1181	194	16.4%	164	13.9%	287	24.3%	1991	331	16.6%	1148	294	25%

फाइनल परीक्षा

वर्ष 1974 का सर्वश्रेष्ठ छात्र :

डी० ए० गाडगिल को निम्न पुरस्कार दिये गये :—

जी० पी० कपाडिया (प्रथम अध्यक्ष) गोल्ड मैडिल

आर० बी० के० उमरजी का कास्ट एकाउन्टिंग के सर्वोत्तम पेपर पर पुरस्कार

जी० बसु० फाउन्डेशन एवार्ड—वर्ष 1974 के सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए पुरस्कार

एन० एस० दास पुरस्कार—वर्ष 1974 के एकाउन्टेन्सी ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए पुरस्कार

रामचन्द्र सिंघी का सर्वश्रेष्ठ छात्र के लिए पुरस्कार

योग्यता प्रमाण पत्र—प्रथम श्रेणी

इण्टरमीडिएट परीक्षा

वर्ष 1974 का सर्वश्रेष्ठ छात्र :

दोराब इ० मिस्त्री को निम्न पुरस्कार दिये गये :—

जी० पी० कपाडिया (प्रथम अध्यक्ष) सिलवर मैडिल

सूरी मिमोरियल फण्ड— वर्ष 1974 के सर्वोत्तम छात्र पुरस्कार

योग्यता प्रमाण पत्र—प्रथम श्रेणी

परिशिष्ट 8

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 5–2)

पुरस्कार और योग्यता प्रमाण पत्र

फाइनल परीक्षा

	मई 1974	नवम्बर 1974
1. जी० पी० कपाड़िया (प्रथम अध्यक्ष) स्वर्ण पदक		आर० के० अग्रवाल
2. एकाउन्टैन्सी में सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए सर सापुर जी बिल्लीमोरिया पुरस्कार (मूल्य रु० 200/–)	टी० नागाराजा	डी० बी० कपाडिया
3. कास्ट एकाउंटिंग में सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए आर० बी० के० उमरजी पुरस्कार		ए० के० तोड़ानी एवं एम० सुन्दरामूर्ति
4. आडिटिंग में सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए 200/– रुपए का ए० एफ० फर्गुसन नकद पुरस्कार	ए० निर्मल कुमार	एम०एन० सुब्रामनियम

	मई 1974	नवम्बर 1974
5. टैक्सेशन में सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए एन० एम० शाह पुरस्कार (मूल्य रुपये 200/-)	के० सुधाकर	ए० के० साबत
6. कार्मशियल लाज और अन्य डायरेक्ट टैक्सेस एक्ट्स पर सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए सूरी स्मारक कोष एवार्ड ।	आर० एस० लावेरो	पी० डी० ओक
7. कम्पनी कानून पर सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए यू० सी० मजूमदार पुरस्कार	एस० गोपालन् एवं पी० मुरलीकृष्ण	प्रदीप भंडारी
8. अर्थशास्त्र पर सर्वश्रेष्ठ पर्चे के लिए वेंकटाचलम मोहन नकद रु० 100/- का पुरस्कार	टी० एस० सुन्दरेसन् एवं पी० के० अम्लानी	ए० मुरुगानन्दन्
9. सर्वश्रेष्ठ महिला परीक्षार्थी को आर० शिवभोगम पुरस्कार	श्रीमती के० सरोजा	सुश्री रूबी एन० भंडारी
10. सर्वश्रेष्ठ प्रत्याशी के लिए रामचन्द्र सिंघी पुरस्कार		आर० के० अग्रवाल
13. योग्यता प्रमाण पत्र :		
प्रथम श्रेणी	—	आर० के० अग्रवाल
द्वितीय श्रेणी . . .	ए० निर्मल कुमार	एलीन भाटिया एवं आर० के० शाह
तृतीय श्रेणी . . .	एस० गोपालन् एवं प्रभात डी० अमाशी	डी० बी० कपाडिया

इंटरमीडिएट परीक्षा

	मई 1974	नवम्बर, 1974
1. जी० पी० कपाडिया (प्रथम अध्यक्ष) रजत पदक	डी० बी० बर्डे एवं के० वैद्यनाथन	—
2. योग्यता प्रमाण पत्र :		
प्रथम श्रेणी . .	डी० बी० बर्डे एवं के० वैद्यनाथन्	—
द्वितीय श्रेणी . . .	हर्षद पानलाल शाह	सुश्री बी० बी० शाह एवं आर० एन० विजयसिम्हा ।
तृतीय श्रेणी . . .	एम० बी० गंगाधरन्	आर० डी० बैंकर

परिशिष्ट 9

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 6—15)

मई 1974 एवं नवम्बर 1974 को मैनेजमैन्ट एकाउन्टेंसी परीक्षा

	मई 1974	नवम्बर 1974
दोनों ग्रुपों में बैठे परीक्षार्थियों की संख्या . .	15	16
दोनों ग्रुपों में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या . .	1	1
ग्रुप 1 में उत्तीर्ण	1	कोई नहीं
ग्रुप 2 में उत्तीर्ण	2	2
ग्रुप 1 में बैठे परीक्षार्थियों की कुल संख्या . .	16	15
ग्रुप 1 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या .	2	2
ग्रुप II में बैठे परीक्षार्थियों की कुल संख्या . .	4	4
ग्रुप II में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या . .	कोई नहीं	2

परिशिष्ट 10

(संदर्भ : रिपोर्ट का भाग 7—7)

अन्य संस्थाओं में इंस्टीट्यूट के मनोनीत प्रतिनिधि

	संस्था का नाम	प्रतिनिधि का नाम
1	दि जनरल कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड मैन पावर रिसर्च	प्रेजीडेण्ट-इन-आफिस (श्री एन० सी० कृष्णन्)
2	दि नैशनल प्रोडक्टीविटी कौंसिल	श्री वाई० एच० मलेगम
3	दि आल इंडिया बोर्ड आफ टैक्नीकल स्टडीज इन कामर्स	श्री पी० वी० विजयराघवन
4	दि आल इंडिया बोर्ड आफ टैक्नीकल स्टडीज इन मैनेजमेंट	श्री पी० के० मलिक
5	वाणिज्यक विषयों के लिए स्टडी ग्रुप-डायरेक्टोरेट जनरल आफ एम्पलाएमेंट एण्ड ट्रेनिंग ।	श्री एस० जी० अरगाई
6	इण्डियन यूनीवर्सिटीज की एसोसिएशन—विश्व-विद्यालयों के लिए वित्तीय प्रक्रिया की संहिता तैयार करने में सहायता देने के लिए समिति ।	श्री आर० के० खन्ना और श्री वी० राजारमन ।

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैण्ट्स आफ इंडिया, नई दिल्ली

31 मार्च, 1975 तक के लिए बैलेन्स शीट

निधि और देयताएं			31-3-1975		13-3-1974
	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०
I आरक्षित पूंजी		48,47,075		44,45,736	
शेष : 1-4-1974					
जोड़ : (क) प्रवेश शुल्क	3,05,222			4,01,339	
(ख) परिसम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ	4,77,062	7,82,284			
II सामान्य आरक्षित			56,29,359		48,47,075
शेष : 1-4-1974	5,83,159			9,14,432	
घटायें : पिछले वर्षों के संबंध में समंजन	(1,10,592)				
घटायें : आय और व्यय लेखे में घाटा		4,72,567			
		(10,52,469)		(3,31,273)	
III कोष			(5,79,902)		5,83,159
(क) अनुसंधान कोष			50,49,457		54,30,234
शेष 1-4-74		5,85,905		5,85,905	

निधि और देयताएं			31-3-1975		13-3-1974
	रु.	रु.	रु.	रु.	रु.
(ख) पदक और पुरस्कार कोष		5,85,905		5,85,905	
शेष	85,413				
अतिरिक्त	36,200				
जोड़ें : प्राप्त आय	7,491				
	1,29,104				
घटायें : प्रदान किये गये पदक और पुरस्कार की लागत	6,633				
(ग) वैज्ञानिक अनुसंधान लेखा		1,22,471		85,413	
		60,001		—	
IV देयताएं			7,68,377		6,71,318
(क) अग्रिम प्राप्त शुल्क		18,15,165		14,93,378	
(ख) लेनदार व्यय के लिए		7,88,331		5,35,165	
(ग) अन्य देयताएं		6,73,151		6,51,441	
			32,76,647		26,79,984
योग			90,94,481		87,81,536

सम्पत्ति एवं परिसम्पत्ति			39,81,514		41,89,376
I. अचल सम्पत्ति					
(लागत कम करें मूल्य ह्रास)					
अनुसूची 'क'					
II. निवेश (लागत पर)					
(क) बैंक में सावधि जमा		15,07,445			
(ख) सरकारी प्रतिभूत		2,506			
III. उद्गृष्ट निवेश			15,09,951		14,87,338
(क) अनुसंधान कोष (बैंक में सावधि जमा)		5,85,905		5,85,905	
(ख) पदक एवं पुरस्कार कोष					
(क) बैंक में सावधि जमा	39,200				
(ख) सरकारी प्रतिभूत और डाकघर राष्ट्रीय बचत सर्टिफिकेट	76,524				
	1,15,721				
नकद और बैंक शेष	6,747	1,22,471		85,413	
			7,08,376		6,71,318

निधि और देयताएं			31-3-1975		31-3-1974
	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०
IV. चालू परिसम्पत्तियां					
(क) प्रकाशन अध्ययन सामग्री और स्टेशनरी (लागत पर)		6,44,706		3,89,337	
(ख) प्राप्तव्य राशि . . .		6,36,270		5,27,804	
(ग) अग्रिम और पूर्व भुगतान . .		7,69,732		6,59,997	
(घ) नकद और बैंक शेष . .		8,43,932		8,56,366	
			28,94,640		24,33,504
योग . .			90,94,481		87,81,536

नोट — 1 इन विवरणों में क्षेत्रीय कौंसिलों, कुछ स्टूडेन्ट्स एसोसियेशनों और शाखाओं जिनसे लेखे प्राप्त नहीं हुए थे, के लेखे सम्मिलित नहीं हैं। तदनुसार, रु० 47,872/- (शुल्क और उनको मिलने वाली ग्रान्ट-इन-एड) की राशि व्यय लेखे के व्यय की ओर बिना कोई नियत किये और रु० 25,860- की निवल राशि, जो उपर्युक्त क्षेत्रीय कौंसिल, स्टूडेंटस एसोसियेशनों और शाखाओं से सम्बन्धित है, को बैलेंस शीट के ओर "अन्य देयताओं" में सम्मिलित कर लिया गया है।

आडिटरों की रिपोर्ट

हमने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की 31 मार्च 1975 तक की बलेन्स शीट और इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखें के संलग्नों, जिन में क्षेत्रीय कौंसिलों और स्टूडेन्ट्स एसोसियेशन और शाखाओं की परिसम्पत्तियों और देयताओं को सम्मिलित किया गया है, का आडिट किया है और निम्न प्रकार रिपोर्ट देते हैं :—

(1) हमने सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरण प्राप्त किये जो हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के साथ आडिट के उद्देश्य के लिए आवश्यक थे ।

(2) बैलेन्स शीट और आय और व्यय लेखे जो इस रिपोर्ट में लिए गये हैं, वह लेखे की पुस्तकों के अनुरूप हैं ।

(3) हमारी राय में लेखे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट, 1949 की आवश्यकताओं के अनुसार रखे गये हैं :

(4) हमारी राय और पूर्ण सूचनाओं और हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार विवरण और अनुसूचियां जो उनके साथ हैं, सही और उचित स्थिति प्रकट करते हैं —

(1) 31 मार्च, 1975 तक की बैलेन्स शीट और कार्य के मामले में, और

(2) उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखें के घाटे के मामले में ।

पी० आर० मेहरा, एम० आर० वेंकटरामन,

चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ।

2 दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया अनमानित दर रु० 4,000/–

पी० एस० गोपालकृष्णन, सचिव ।

पी० एम० नारियलवाला, अध्यक्ष ।

ए० आर० सरकार, सहायक सचिव ।

बी० आर० महेश्वरी, उपाध्यक्ष ।

नई दिल्ली,

25 सितम्बर, 1975 ।

दि इंस्टीट्यूट आफ़ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ़ इंडिया, नई दिल्ली

31 मार्च, 1975 तक की अचल सम्पत्तियां

परिशिष्ट "क"

बैलेन्स शीट का अनुलग्नक

परिसम्पत्तियां	लागत 31-3-74 रु०	वर्ष के दौरान जोड़ रु०	वर्ष के दौरान कटौती रु०	लागत 31-3-75 तक रु०	31-3-75 को मूल्य ह्रास रु०	31-3-75 तक का किताबी मूल्य रु०
1. भूमि और भवन						
1.1 पट्टारहित भूमि						
मद्रास . .	..	*1,12,500	..	1,12,500	..	1,12,500
कलकत्ता . .	..	1,14,404	..	1,14,404	..	1,14,404
1.2 पट्टे पर भूमि						
नई दिल्ली . .	2,159	..	..	2,159	..	2,159
1.3 भवन (भूमि सहित)						
बम्बई . .	4,51,178	..	..	4,51,178	1,22,100	3,29,078
कलकत्ता . .	3,88,840	..	*3,88,840	..	..	..
1.4 भवन						
नई दिल्ली . .	18,71,519	..	..	18,71,519	3,36,930	15,34,589
मद्रास . .	4,97,3669	..	1,12,500	3,84,869	1,26,379	2,58,490
कानपुर . . (निर्माणाधीन)	1,00,468	..	..	1,00,468	2,513	97,955

2. विद्युत् उत्थापन फिटिंग आदि						
2.1 नई दिल्ली	5,67,465	15,128	..	5,82,593	2,13,784	3,68,809
2.2 क्षेत्रीय कौंसिलें, स्टूडेंट एसोसिएशन, उनकी शाखाए एवं अन्य	19,840	551		20,391	10,782	9,609
3. एयर कन्डीशनिंग उत्थापन						
3.1 नई दिल्ली	5,17,041	8,884	..	5,25,925	3,02,223	2,23,702
4. लिफ्ट						
4.1 नई दिल्ली .	1,57,883	..	..	1,57,883	54,203	1,03,680
5. फर्नीचर और फिक्सचर्स						
5.1 नई दिल्ली .	4,12,714	32,118	..	4,44,832	1,96,596	2,48,236
5.2 मद्रास . .	..	6,302	..	6,302	299	6,003
5.3 क्षेत्रीय कौंसिलें, स्टूडेन्ट्स एसोसियेशन्स, उनकी शाखायें और अन्य . .	2,85,681	28,028	..	3,13,709	1,28,098	1,85,611
6. कार्यालय उपकरण						
6.1 नई दिल्ली . .	1,85,052	68,881	..	2,53,933	1,24,855	1,29,078
6.2 मद्रास . . .	..	6,810	..	6,810	1,021	5,789

परिसम्पत्तियां	लागत 31-3-74 रु०	वर्ष के दौरान जोड़ रु०	वर्ष के दौरान कटौती रु०	लागत 31-3-75 तक रु०	31-3-75 को मूल्य ह्रास रु०	31-3-75 तक का किताबी मूल्य रु०
6.3 क्षेत्रीय कौंसिल, स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन्स, उनकी शाखाएं और अन्य . .	1,09,527	1,086	..	1,10,613	70,199	40,414
7. मोटर कार						
7.1 नई दिल्ली . .	23,580	..	..	23,580	8,489	15,091
8. लाइब्रेरी पुस्तकें						
8.1 नई दिल्ली . .	2,87,781	40,599	..	3,28,380	2,47,028	81,352
8.2 क्षेत्रीय कौंसिल, स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन, उनकी शाखाएं और अन्य . .	3,08,155	45,721	..	3,53,876	2,38,911	1,14,965
	61,86,252	4,81,012	5,01,340	61,65,924	21,84,410	39,81,514

*ट्रान्सफर्स सहित रु० 2,26,904

एस० आर० सिरकार, सहायक सचिव ।

पी० एस० गोपालाकृष्णन, सचिव ।

बी०आर० महेश्वरी, उपाध्यक्ष ।

पी० एम० नारियलवाला, अध्यक्ष ।

पी० आर० मेहरा,

एम० आर० वेंक्टारमन, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ।

दि इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया

31 मार्च, 1975 को समाप्त हुए वर्ष का आय और व्यय लेखा

	1974–75	1973–74
	रु०	रु०
I. आय		
(क) सदस्य		
(परिशिष्ट क–1 के अनुसार) . .	17,25,389	15,69,235
(ख) विद्यार्थी		
(परिशिष्ट क–1 के अनुसार) . .	37,30,926	32,22,856
(ग) विभिन्न	54,56,315	47,82,091
सम्पत्ति से आय . . .	31,835	30,710
सामान्य कोष पर ब्याज निवेश . .	64,168	46,035
कुल आय . . .	55,52,318	48,66,836
वर्ष के लिए घाटा . . .	10,52,469	3,31,273
योग	66,04,787	51,98,109
योग	66,04,787	51,98,109

पी० एस० गोपालकृष्णन, सचिव ।

पी० एम० नारियलवाला, अध्यक्ष ।

उसी तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एस० आर० सिरकार, सहायक सचिव ।

बी० आर० महेश्वरी, उपाध्यक्ष ।

पी० आर० मेहरा, एम० आर० वेंकटारमन, चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ।

परिशिष्ट क/1

दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ इंडिया, नई दिल्ली

31 मार्च, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के आय और व्यय लेखे का अनुलग्नक

क्रमांक	लेखों के शीर्षक	योग		सदस्य		विद्यार्थी	
		1974–75 रु०	1973–74 रु०	1974–75 रु०	1973–74 रु०	1974–75 रु०	1973–74 रु०
	1	2	3	4	5	6	7
I.	आय						
1	प्रवेश शुल्क	58,700	—	58,700	—	—	—
2	सदस्यता शुल्क	12,22,966	11,24,410	12,22,966	11,24,410	—	—
3	पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुल्क	11,500	11,300	11,500	11,300	—	—
4	पंजीकरण शुल्क	1,89,550	2,66,030	—	—	1,89,550	2,66,030
5	स्टूडेन्ट्स एसोसियेशन शुल्क	33,470	60,550	—	—	33,470	60,550
6	कोचिंग बोर्ड शुल्क	16,84,051	14,58,643	—	—	16,84,051	14,58,643
7	परीक्षा शुल्क	15,11,610	11,90,350	—	—	15,11,610	11,90,350
8	जंरनल	2,55,990	2,25,428	2,55,990	2,25,428	—	—
9	प्रकाशन	2,55,155	1,83,865	70,027	46,734	1,85,128	1,37,131
10	निवेशों पर ब्याज	1,58,103	95,366	72,293	43,385	85,810	51,981
11	चुनावों के लिए नामांकन शुल्क	—	33,700	—	33,700	—	—
12	अन्य	75,220	1,32,449	33,913	48,278	41,307	48,171
13	योग	54,56,315	47,82,091	17,25,389	15,69,235	37,30,926	32,12,856

	II व्यय						
1	वेतन और कर्मचारी व्यय	20,93,218	17,11,152	8,71,441	7,54,162	12,21,777	9,56,990
2	ग्रेज्युटी के लिए प्रीमियम	53,612	27,861	20,909	12,711	32,703	15,150
3	प्रिंटिंग और स्टेशनरी	4,50,200	1,47,996	1,43,950	85,487	3,06,250	62,509
4	जरनल	3,21,697	2,09,161	1,86,154	1,68,881	1,35,543	40,280
5	प्रकाशन	4,13,275	3,13,071	4,13,275	3,13,071	—	—
6	परीक्षा	9,54,110	6,77,406	—	—	9,54,110	6,77,406
7	कोचिंग	7,74,391	7,81,211	—	—	7,74,391	7,81,211
8	पोस्टल, टेलिग्राम और टेलिफ़ोन	2,17,520	1,67,714	1,00,114	64,952	1,17,406	1,02,762
9	दर एवं कर	2,02,457	2,02,970	95,361	79,055	1,07,096	1,23,915
10	मरम्मत और रखरखाव	92,116	72,039	45,768	27,299	46,348	44,740
11	मूल्य ह्रास	2,92,008	2,93,707	1,38,671	1,11,305	1,53,337	1,82,402
12	यात्रा व्यय						
	(क) कौंसिल सदस्य	2,67,030	1,75,326	1,68,579	1,17,401	98,451	57,925
	(ख) कर्मचारी तथा अन्य	87,069	59,532	36,394	20,405	50,675	39,127
13	लाइब्रेरी	21,117	12,128	21,117	12,128	—	—
14	विदेशी सम्बन्ध	18,926	20,008	18,926	20,008	—	—

	1	2	3	3	1	6	7
15	सेमिनार आदि (निवल)	23,836	24,018	22,248	24,018	1,578	—
16	रजत जयन्ती (कामनवैल्थ कांफ्रेंस सहित) (निबल)	47,412	—	44,339	—	3,073	—
17	व्यावसायिक शुल्क	32,802	62,696	20,827	33,039	11,975	29,657
18	चुनाव	—	95,357	—	95,357	—	—
19	अन्य	2,42,001	1,44,756	1,13,470	50,007	1,28,531	94,749
20	योग	66,04,787	51,98,109	24,61,543	19,89,286	41,43,244	32,08,823

एस० आर० सिरकार, सहायक सचिव । पी० एस० गोपालकृष्णन, सचिव । बी० आर० महेश्वरी, उपाध्यक्ष । पी० एम० नारियलवाला, अध्यक्ष । पी० आर० मेहरा, एम० आर० वकटारमन, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ।

पी० एस० गोपालकृष्णन, सचिव ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1975